सप्तदश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-13.02.2024 के लिए माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री विजय कुमार खेमका, स०वि०स०	''पूर्णिया सहित सीमांत जिलों में आदिवासी समाज बहुतायत संख्या में निवास करते हैं । पूर्णिया में आदिवासी समाज के लोग प्रत्येक वर्ष सरहुल महोत्सव मनाते हैं जिसमें आस-पास के जिलों से हजारों की संख्याओं में श्रद्धालु शरीक होने आते हैं । पूर्णिया में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले सरहुल महोत्सव आमजनों की भागीदारी से मनाई जाती है, जिसमें संसाधन के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है । उक्त कार्यक्रम की भव्यता एवं जनजाति समाज की भागीदारी को देखते हुए सरहुल महोत्सव को सरकारी स्तर पर अन्य महोत्सव की तरह पूर्णिया में राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने की आवश्यकता है । अत: आदिवासी समाज के लोगों की भावना के अनुरूप कार्यक्रम की भव्यता एवं हजारों लोगों की भागीदारी को देखते हुए सरहुल महोत्सव को पूर्णिया में राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	मंत्रिमंडल सचिवालय/ कला, संस्कृति एवं युवा

2. श्री अचमित ऋषिदेव, स०वि०स०	''अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के गुणवंती पंचायत के वार्ड नं०-03 एवं 07 में बसैटी माईनर से पुराना पोखर होते हुए पहुँसरा पंचायत के रानीबाड़ी संथाली टोला तक सड़क का पक्कीकरण नहीं है, जिससे अनुसूचित जनजाति के लगभग 1000 परिवारों को बरसात में रानीबाड़ी से गुणवंती आने में काफी कठिनाई होती है । इस सड़क में तीन जगह कलभर्ट की जरूरत है । जिसमें पहला पुराना पोखर से पूरब और नहर से पश्चिम में, दूसरा परमानंद राय के जमीन खाता नं०-303, खेसरा नं०-2389 के पास तथा तीसरा कोचा धार में । यह सड़क गुणवंती तथा पहुँसरा दो पंचायतों को जोड़ता है । अत: उक्त वर्णित सड़क का पक्कीकरण कराने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	ग्रामीण कार्य

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-1/2024- 192 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12.02.24
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-1/2024- 192 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्य मंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्य मंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12.02.2024
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-1/2024- 192 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12.02.2024
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-1/2024- 192 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं सचिव के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

12.02.2024
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

12/2/24